# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 154 Cr.P.C.)
# प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Karnal **Year (वर्ष):** 2024

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0012 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 28/03/2024 18:47 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

Police Station Anti Corruption Bureau (H) KARNAL RANGE KARNAL

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** **Date from (दिनांक से):** **Date To (दिनांक तक):**

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 28/03/2024 **Time (समय):** 18:29 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 008 **Date and Time (दिनांक और समय):** 28/03/2024 18:29 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** WEST, 80 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):**

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** सुमित कुमार

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** बलबीर सिंह

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1981 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address (पता):

Police Station Anti Corruption Bureau (H) KARNAL RANGE KARNAL

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | Present Address | गांव अकालगढ, तह0 जुलानाJIND, HARYANA, INDIA |
| 2 | Permanent Address | गांव अकालगढ, तह0 जुलानाJIND, HARYANA, INDIA |

(j) Phone number (दूरभाष सं.): Mobile (मोबाइल सं.):

7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | SI दिनेश कुमार | | | 1. ईचांर्ज चौकी लुदाना,JIND,HARYANA,INDIA |

8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में, निरीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरों, उपकेन्द्र जीन्द। श्रीमान जी, निवेदन है कि मैं सुमित कुमार पुत्र श्री बलबीर सिंह गांव अकालगढ तह0 जुलाना जिला जीन्द का रहने वाला हुं। मैं सांगवान ब्रोदर्स कम्पनी में जोन न0 42 में गांव गांगोली, भम्भेवा ग्रुप शराब के ठेको पर बतौर अकांउटेंट कार्य करता हुं। यह एरिया पुलिस चौकी लुदाना के अधीन आता है। दिनांक 22.03.24 को मुझे व ठेकेदार नवीन सांगवान को चौकी ईन्चार्ज उप निरीक्षक दिनेश कुमार ने पुलिस चौकी लुदाना में बुलाया और कहा कि अगर आपको ठेके चलाने है तो पिछले महीने की मंथली के हिसाब में से बकाया 10,000 रू0 और इस महीने की मंथली के 10,000 रू0 आपकी तरफ बकाया है। जो कुल 20,000 रू0 रिश्वत की मांग की और कहा कि आप अगर पैसे नही दोगे तो मैं आपके ठेको के आगे अपनी गाडी खडी कर दुंगा। जिससे आपकी सेल टुट जाएगी और आपको नुकशान होगा, दिनांक 23.03.24 को मुझे चौकी ईन्चार्ज ने फिर चौकी लुदाना में बुलाया और कहा कि मेरी चौकी के एरिया में आपके सात ठेके आते है। जो प्रति ठेका 5,000 रू0 के हिसाब से कुल 35,000 रू0 प्रति माह बतौर रिश्वत मंथली देनी पडेंगी नही तो आपके ठेको के आगे पुलीस की गाडी खडी करवा दुंगा और आपका धन्धा चौपट करवा दुंगा और आगे भी आपको ठेके सही ढंग से चलाने है तो आपको आगे भी मुझे हर महिने 35,000 रू0 बतौर मंथली रिश्वत के देने पडेंगे जो मुझे इस महीने की 35,000 रू0 मंथली बतौर रिश्वत देने का दबाव बना रहा है। मैं यह रिश्वत के 35,000 रू0 उप निरीक्षक दिनेश कुमार को देना नही चाहता और बगैर रिश्वत दिए यह हमारे ठेको का काम सुचारू रूप से नही चलने देगा। कृप्या करके इसके खिलाफ कानुनी कार्यवाही की जाए रिश्वत मांगने बारें मैने रिकॉर्डिंग की हुई है। यह रिकॉर्डिंग में आपको बाद में पेश कर दुंगा। प्रार्थी Sd/- Sumit सुमित पुत्र श्री बलबीर सिंह गांव अकालगढ जिला जीन्द MB 90502-83833 Date- 28.03.24

Police Station Anti Corruption Bureau (Haryana) KARNAL RANGE KARNAL

कार्यवाही पुलिसः- आज दिनांक 28.3.24 को मन निरीक्षक हाजीर कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो उपकेन्द्र जीन्द हूँ कि शिकायतकर्ता सुमित उपरोक्त ने हाजीर कार्यालय आकर एक टाईपशुदा दरखास्त बर खिलाफ SI दिनेश कुमार ईचांर्ज चौकी लुदाना बाबत मांगने रिश्वत मन निरीक्षक को पेश की जिस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों से बजरीया टेलीफोन सम्पर्क करके हालात रेड बतालाये।

जिस पर उच्चाधिकारियों ने तुरन्त उचित कार्यवाही करने बारे कहा। मन नि0 द्वारा स्वतन्त्र गवाह नियुक्त करने हेतु आग्रह करने पर पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरों, (ह0) करनाल मण्डल करनाल ने डा0 राजेश बुरा एसोसिएट प्रोफेसर, PIG Govt College Jind को रेड की कार्यवाही के लिए बतौर स्वतन्त्र गवाह नियुक्त किया ओर आदेशो को व्हाटसअप के माध्यम से मेरे पास भेजा जिसका प्रिन्ट निकालकर रखा ओर डा0 राजेश बुरा को बजरिया टेलीफोन कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरों जीन्द पहुचने बारे सुचित किया गया।

दरखास्त मजबुन से सरेदस्त सुरत जुर्म 7 PC Act 1988 का होना पाया जाने पर तहरीर बराये कायमी मुकदमा बादस्त EHC कृष्ण कुमार न0 1666/RTK के थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरों करनाल मण्डल करनाल भेजी जा रही है। बाद कायमी मुकदमा नम्बर पर्चा से सुचित करे तथा मुकदमा हजा की स्पैशल रिपोर्ट ईलाका मैजिस्ट्रेट व उच्चाधिकारियों को भिजवायी जावे। तफतीशी बैग, लैपटाप, प्रिंटर हमरा है मन निरीक्षक दर इन्तजार स्वतन्त्र गवाह कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरों उपकेन्द्र जीन्द हुं। अजः- कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरों उपकेन्द्र जीन्द। Sd/- Dinesh Kumar निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों उपकेन्द्र जीन्द दिनांक 28.3.24 At 16:15 PM

अज थाना :- हस्ब आमदा तहरीर पर कायमी मुकदमा न0 12 दिनांक 28-03-2024 धारा 7 PC ACT 1988 थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करनाल मण्डल, करनाल दर्ज रजिस्टर किया जाकर FIR की कम्पयुटरकृत प्रतिया तैयार करके मुकदमा हजा की स्पेशल रिपोर्ट अफसरानबाला वा डयुटी मैजिस्ट्रेट साहब जीन्द को बजरिया/ई-मेल सुचित किया गया है व नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर आरिन्दा EHC कृष्ण कुमार न0 1666/RTK के हवाले की जाकर रवाना निजद अनुसंधानकर्ता का किया गया तथा हिदायत मुनासिब दी गई। उपरोक्त मुकदमा प्रबन्धक अफसर थाना के कोड से निरीक्षक सीमा, भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरों, करनाल मण्डल करनाल की हाजरी में दर्ज रजिस्ट्रर किया गया है

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

(1)

Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or (या)

(2) Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम): Dinesh Kumar Rank (पद): I (Inspector)

No. (सं.): PSI to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)

(3) Refused investigation due to (जांच के लिए): or (के कारण इंकार किया या)

(4) Transferred to P.S. (थाना): District (ज़िला):

on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).

F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)

R.O.A.C.
(आर.ओ.ए.सी.)

Police Station Anti Corruption Bureau (H) KARNAL RANGE KARNAL

Signature of Officer in charge, Police Station
(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

Name (नाम): Seema

Rank (पद): Inspector

No. (सं.):

14. Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)

15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )

(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))

Police Station Anti Corruption Bureau (H) KARNAL RANGE KARNAL

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 1978 | | | | Is pox pitted: Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोडेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**

(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)